# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका मार्च 2026




नगर पालिक निगम भिलाई

# 6 मार्च को पीएम आवास की लाटरी का आयोजन

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी. किफायती आवास मोर मकान–मोर आस एवं मोर मकान–मोर चिन्हारी घटक से निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निगम सभागार कक्ष में 06 मार्च 2026 को समय 12:30 बजे लाटरी आयोजित किया गया है।

सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही से 75000 रूपये निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। उक्त तिथि को नियमानुसार लाटरी पद्धति का आयोजन कर हितग्राहियों को आवास आबंटन का लाभ दिया जायेगा। लाटरी में वरिष्ठ नागरिकगण, दिव्यांगजन एवं अन्य आवेदकों को सम्मिलित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राही निर्धारित तिथि एवं दिन को समय पर उपस्थित होकर आवास आबंटन की लाटरी में भाग ले सकते है और आवास पा सकते है।

# निगम आयुक्त ने किया भिलाई जोन–1 का सघन निरीक्षण

भिलाईनगर।नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन–1 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जमीनी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोसा नाला बाउंड्रीवॉल निर्माण, एस.एल.आर.एम. सेंटर और संजय नगर नाला सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लिया। आयुक्त ने सुपेला थाना के पीछे स्थित कोसा नाले का निरीक्षण करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु में अत्यधिक बारिश के कारण यहाँ जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। नागरिकों को इस समस्या से राहत दिलाने के लिए नाले के गहरीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। भिलाई क्षेत्र में कोसा नाला पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है। इसका मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान जलभराव को रोकना और आसपास की बस्तियों को बाढ़ से बचाना है। साथ ही, उन्होंने नाले के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को चिह्नित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने एस एल आर एम सेंटर का अवलोकन कर कार्यरत महिला कर्मचारियों से चर्चा की। उन्होंने प्रतिदिन की उपस्थिति पंजी की जाँच की और स्वच्छता कार्य में निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। संजय नगर वार्ड–6 में स्थित पुराने नाले के निरीक्षण के दौरान रिटेनिंग वॉल का अवलोकन किया गय आवागमन को सुगम बनाने के लिए लेफ्ट फ्री करने की योजना है, जोकि ट्रांसफार्मर और अतिक्रमण के कारण लंबित है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए निगम आयुक्त ने जोन आयुक्त अजय राजपूत और सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी को सुगम यातायात सुनिश्चित करने हेतु तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस भ्रमण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, रीमा जामुलकर, एवं जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी सहित अन्य निगम अधिकारी उपस्थित रहे।




नगर पालिक निगम भिलाई

# डेंगू और मलेरिया के विरुद्ध नगर निगम का महा–अभियान, अब तक 23 हजार से अधिक घरों का हुआ सर्वे

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत मच्छर जनित रोगों जैसे डेंगू और मलेरिया से बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु जन जागरूकता अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के कड़े निर्देशों के परिपालन में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में निगम के विशेष दस्ते और जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रोस्टर अनुसार घर–घर जाकर गहन सर्वेलेंस और सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह के नेतृत्व में निगम की टीम ने 01 अप्रैल 2025 से 06 मार्च 2026 तक की अवधि में व्यापक कार्रवाई की है। 23,935 घरों का निरीक्षण किया गया। कुल 10,874 मच्छर प्रजनन स्रोतों (कूलर–3945, टंकी–2973, ड्रमध्कंटेनर–3924 एवं अन्य–32) की जांच कर पुराने जमा पानी को खाली कराया गया। 20,073 घरों के 26,478 कूलरों में वयस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु एवं 9472 कूलरों में लार्वा नष्ट करने हेतु 'एक्यूगार्ड' का छिड़काव किया गया। सर्वे के दौरान नागरिकों को मच्छरों से बचाव और स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। कूलर के पानी को सप्ताह में कम से कम एक बार अनिवार्य रूप से खाली कर और सुखाकर ही नया पानी भरें। मच्छरों को वयस्क अवस्था में पहुंचने से पहले लार्वा स्तर पर ही नष्ट करने में सहयोग दें।घर के आसपास नालियों में पानी जमा होने पर उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डालें। पक्षियों और मवेशियों के पीने के पानी के बर्तन (नांद) को भी सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसहयोग से ही शहर को डेंगू और मलेरिया मुक्त बनाया जा सकता है। निगम की टीमें आने वाले दिनों में और भी मुस्तैदी के साथ चिन्हित क्षेत्रों में अभियान चलाएंगी।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# जल संरक्षण को बढ़ावा देने नलों में टोटी अभियान जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार शहर के जोन–2 वैशाली नगर अंतर्गत नलों में टोटी लगाने का अभियान शुरू कर दिया है। इसका उददेश्य नागरिकों द्वारा नल खुला छोड़ने से होने वाले पानी की बरबादी को रोकना और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। निगम के अधिकारियों ने बताया है कि पानी का उपयोग करने के बाद लोग नल बंद नहीं करते, जिससे अनावश्यक पानी की बर्बादी होती है।

इस समस्या के समाधान के लिए सभी सार्वजनिक नलों में विशेष टोटियां लगाई जा रही है, जिससे पानी की खपत नियंत्रित रहे और नागरिको में पानी की बचत के प्रति जागरूकता बढ़े। नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर के सभी नागरिको से अपील की है कि नल का उपयोग करते समय सावधानी बरतें और टोटी का सही उपयोग करें, ताकि पानी का महत्व समझा जा सके और संसाधनों की बर्बादी रोकी जा सके। नल है तो जल है और जल है तो कल है। ''जल है तो कल है'' यदि आज हम पानी बचाएंगे, तभी हमारा भविष्य कल सुरक्षित रहेगा।





नगर पालिक निगम भिलाई

# अवंती बाई चौक से शीतला कॉम्प्लेक्स तक बनेगी भव्य कैनाल रोड, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

भिलाई नगर। शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और यातायात को सुगम बनाने की दिशा में प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह, नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय एवं लोक निर्माण विभाग (PWD) के कार्यपालन अभियंता की उपस्थिति में प्रस्तावित कैनाल रोड का विस्तृत निरीक्षण किया गया। यह प्रस्तावित मार्ग अवंती बाई चौक से पॉवर हाउस स्थित शीतला कॉम्प्लेक्स तक बनाया जाना है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परियोजना की बारीकियों और धरातलीय चुनौतियों का जायजा लिया लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित सड़क की मार्किंग (सीमांकन) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान रोड के एलाइनमेंट और चौड़ाई का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। कैनाल रोड के निर्माण में बाधा बन रहे सभी अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित कर लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क निर्माण के कार्य को निर्बाध गति से चलाने के लिए जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की जाएगी। इस सड़क के बनने से पॉवर हाउस क्षेत्र और अवंती बाई चौक के बीच यातायात का दबाव कम होगा और नागरिकों को एक वैकल्पिक सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और समय–सीमा के भीतर आवश्यक प्रारंभिक प्रक्रियाओं को पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय दंडाधिकारी हितेश पिस्दा, तहसीलदार डिगेश्वर साहू, जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता शबनम निशा एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।




नगर पालिक निगम भिलाई

# भिलाई में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियां तेज, जनजागरूकता पर विशेष जोर

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों को तेज कर दिया गया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार डोर–टू–डोर कचरा कलेक्शन, स्त्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन) और बल्क वेस्ट जनरेटर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जा रहा है। शहर में सौंदर्यीकरण के तहत दीवारों पर आकर्षक पेटिंग बनाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह पहल लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके अलावा तालाबों की सफाई, स्कूलों, उद्यानों और एल.एल.आर.एम. सेंटरों का व्यवस्थित संचालन को प्राथमिकता दिया जा रहा है। बैक लाइन क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, ताकि कोई भी क्षेत्र स्वच्छता से वंचित न रहे। सिंगलयूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए भी निगम द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे है और नागरिकों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर रैकिंग हालिस करने सभी प्रयास किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में भागीदारी निभाएं।






## नगर पालिक निगम भिलाई

# जोन क्रमांक 3 में चौत नवरात्रि के अवसर पर सड़कों की विशेष सफाई शुरू

भिलाईनगर। चौत नवरात्रि के पावन अवसर को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत जी रोड मुख्य मार्ग पर विशेष साफ.सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पद यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मुख्य मार्गों की नियमित सफाई के साथ.साथ कचरा उठावए नालियों की सफाई और सड़क किनारे जमी गंदगी को हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। विशेष रूप से उन मार्गों पर ध्यान दिया जा रहा हैए जहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए मंदिरों तक पहुंचते हैं। चौत नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। इसके लिए सफाई कर्मियों की तैनाती भी की गई हैए ताकि मार्ग पूरी तरह स्वच्छ और व्यवस्थित बने रहें। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी और शहर की स्वच्छता भी बनी रहेगी। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। जैसे हम अपने घरों में सफाई रखते हैं वैसे ही शहर की स्वच्छता को प्राथमिकता हमेशा देना है ।



नगर पालिक निगम भिलाई

# जोन–2 के कुर्की टीम ने करदाताओं से 5 लाख वसूल किए

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन–2 वैशाली नगर क्षेत्र में राजस्व विभाग द्वारा बकाया संपत्तिकर वसूली को लेकर सख्त कार्यवाही की जा रही है। निगम के कुर्की टीम ने बकाया संपत्तिकर दाताओं से 5,47,315.00 रूपये वसूल किये। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से संपत्तिकर बकाया रखने वाले करदाताओं को पूर्व में नोटिस दिया गया है। बकाया राशि नहीं करने वाले बकायादारों से टीम मौके पर जाकर मिल रहे है और उन्हे राशि जमा करने प्रेरित किया जा रहा है। कार्यवाही के दौरान संबंधित करातादाओं से बकाया राशि वसूल कर निगम कोष में जमा कराया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया कर वसूली के लिए आगे भी इसी तरह की सख्त कार्यवाही जारी रहेगा। नगर निगम भिलाई को क्षेत्र के करदाताओं से अपली है कि वे समय पर अपने बकाया करों का भुगतान करे, ताकि किसी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही से बचा जा सके।



नगर पालिक निगम भिलाई

# बकाया संपत्तिकर जमा करने के लिए केवल 1 दिन शेष, निगम की अपील

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बकाया संपत्तिकर दाताओं को अंतिम सूचना दिया जा रहा है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने लंबित संपत्तिकर का भुगतान 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से कर दें। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि के बाद बकाया कर जमा करने पर 18 प्रतिशत का अधिभार तथा 1000 रुपये का पेनाल्टी शुल्क लगाया जाएगा। वहीं, 31 मार्च तक कर जमा करने वाले नागरिकों से किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। अवकाश के दिनों में भी संपत्तिकर काउंटर खुले रखे गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग समय सीमा के भीतर अपना लंबित कर जमा कर सकें। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द बकाया कर का भुगतान कर अतिरिक्त आर्थिक भार से बचें।




नगर पालिक निगम भिलाई

# सेवानिवृत्त 8 कर्मचारियों को निगम ने दी ससम्मान विदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में आज मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में सेवानिवृत्त होने वाले 8 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनके सेवाकाल में किये गये कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार उपायुक्त डी के कोसरिया एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उनके उज्जवल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में भावुक माहौल देखने को मिला, जहां सहकर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य अभियंता भागीरथ वर्मा, सहायक ग्रेड–02 उत्तम कुमार साहू, कारपेन्टर अनुरूद्व सिंह यादव, सहायक मिस्त्री जंगली, सफाई कामगार जी चिनैया, जोहरिक राम, गरीबा राम देवांगन एवं बेदलाल टंडन हैं। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण से ही निगम की कार्यप्रणाली मजबूत होती है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्ध सेवाकाल की सराहना करते हुए अनके आगामी जीवन के लिए मंगलकामनाएं एवं शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में निगम के उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अधीक्षक शालिनी गुरव, शशिभूषण मोहंती, वामन राव, राज सच्चर, नवीन साहू, उन्मेश साहू, शंकर साहनी, दशरथ ध्रुव, हेमचंद्र बंजारे, सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रवण ठाकुर सहित निगम कर्मचारी एवं संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**श्री तिलेश्वर साहू**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**